RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

ले आते थैसे सभी, बीस लाख की कार।
तेल बीस पैसे बढ़े, मचती हाहाकार।
मचती हाहाकार, टोल तक लगता भारी।
माइलेज भी कमी, घटे ना यार हमारी।
कह साहिल कविराय, तेल पर शोर मचाते।
बीस लाख की कार, मगर झटपट ले आते।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 167 | FRIDAY DATE 10-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### राम मंदिर ट्रस्ट के खर्च पर भी उठे सवाल, ऑडिट रिपोर्ट में 514 करोड़ रुपये के व्यय का विस्तृत ब्योरा नहीं

अयोध्या, यूटर्न/ 09 जुलाई । श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वित्तीय व्यवस्था को लेकर ऑडिट रिपोर्ट में खर्च को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रस्ट ने 514 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय दर्ज किया, लेकिन कई मदों में खर्च का विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में इन व्ययों को अनुमानित बताया गया है, जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों पर लगभग 375 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि भूमि खरीद पर 21.53 करोड़ रुपये और एक निर्माण कंपनी को 9.81 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था पर 11.49 करोड़ रुपये, यात्री स्वागत केंद्र पर 4.83 करोड़ रुपये तथा विभिन्न निर्माण कार्यों पर भी करोड़ों रुपये खर्च दर्शाए गए हैं। रिपोर्ट में कल्याणकारी गतिविधियों और अन्य खर्च शीर्षक के तहत क्रमशः 2.59 करोड़ और 2.71 करोड़ रुपये का व्यय दर्ज है, लेकिन इनका विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया।

### पूर्व बसपा विधायक के सुरक्षा अधिकारी से कार्बाइन जब्त

**श्रीनगर, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के लखनपुर में सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के एक मामले में पुलिस ने मध्य प्रदेश की पूर्व बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक रामबाई परिहार की सुरक्षा में तैनात एक जवान से कार्बाइन हथियार जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, हथियार लेकर जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने की सूचना स्थानीय पुलिस को पूर्व में नहीं दी गई थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक रामबाई परिहार बुधवार को लखनपुर स्थित यात्री सुविधा केंद्र पहुंची थीं। उनके साथ मध्य प्रदेश पुलिस में तैनात उनके निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) अवधेश कुमार भी मौजूद थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सुरक्षा अधिकारी अपने साथ कार्बाइन लेकर आए हैं, लेकिन इसकी जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नहीं दी गई थी। इसके बाद लखनपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार्बाइन को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जुलाई को देहरादून में युवाओं से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, देशव्यापी छात्रों की गूंज अभियान के तहत शहर के युवाओं से बातचीत करने 17 जुलाई को देहरादून जाएंगे। यह दौरा राजस्थान के कोटा में पहले हुए 'छात्रों की गूंज' प्रोग्राम के मॉडल पर आधारित होगा। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी के मुताबिक राहुल गांधी देहरादून के परेड ग्राउंड में युवाओं से मिलेंगे, उन्होंने इस कार्यक्रम की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने पिछली बार 4 जून को उत्तराखंड का दौरा किया था, लेकिन खराब मौसम की वजह से अल्मोड़ा में उनकी जनसभा और पौड़ी गढ़वाल में पूर्व सैनिकों के साथ तय बातचीत को टालना पड़ा था।

# दिल्ली में बारिश के बीच जलभराव रोकने के लिए सरकार अलर्ट



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बारिश के बीच सभी मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अधिकारी सतर्क हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि सीएम रेखा गुप्ता के आदेश पर सरकार की सभी एजेंसियां अलर्ट हैं और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

दिल्ली सीएमओ के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों से स्थिति का जायजा लिया है। जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की टीमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मौके पर तैनात हैं। दिल्ली सरकार जलभराव की समस्या से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। प्रशासन की ओर से सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं।


पिछले 24 घंटे से दिल्ली-एनसीआर में बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में पिछले 24 घंटे के दौरान सुबह 8.30 बजे तक कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार में सबसे अधिक 103 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय ेत्र में 90 मिमी, मेहरौली में 86 मिमी, पूसा और लोधी रोड इलाके में 83-83 मिमी, लोधी रोड में 80 मिमी और रिज में 78 मिमी वर्षा दर्ज हुई। इसके अलावा सफदरजंग में 73 मिमी, छतरपुर में 72 मिमी, पालम और नारायणा में 63-63 मिमी, जनकपुरी में 62 मिमी, अयानगर में 57 मिमी, प्रगति मैदान में 50 मिमी, नजफगढ़ में 43 मिमी, मुंगेशपुर में 41 मिमी, झरोदा कलां में 33 मिमी और जाफरपुर में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में थोड़ा पानी भर गया, जिनमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, मुनिरका और अन्य इलाके शामिल हैं।

### सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली के पुनर्विकास को दी नई दिशा



**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को उसके मूल गौरव के साथ पुनर्जीवित करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने पुरानी दिल्ली के संरक्षण व पुनर्विकास के उद्देश्य से गठित शाहजहानाबाद रिडेवलपमेंट कॉरपोरेशन का नाम बदलकर अब इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम (आईवीपीएन) कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा है कि निगम के माध्यम से पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की व्यापक और गंभीर पहल प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में इंद्रप्रस्थ विरासत पुनर्विकास निगम की चेयरपर्सन व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में निगम की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास मंत्री एवं निगम के उपाध्यक्ष श्री आशीष सूद, प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।



## भारत-आस्ट्रेलिया ने रक्षा सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को नये आयाम दियेः मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और आस्ट्रेलिया की साझेदारी साझे भविष्य को आकार देने वाली है और इस दिशा में आगे बढते हुए दोनों देशों ने रक्षा, सुरक्षा , साइबर , परमाणु ऊर्जा , महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढाने के समझौते किये हैं। आस्ट्रेलिया की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीज के साथ तीसरे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण संयुक्त घोषणा जारी की है दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी तेजी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र दोनों देशों की साझा आकांक्षाओं का भी प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने आतंकवाद से मिलकर लड़ने के संकल्प को दोहराया है और कहा है कि दुनिया भर में चल रहे टकरावों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया को दो जीवंत लोकतांत्रिक और महत्वपूर्ण समुद्री शक्ति करार दिया। उन्होंने कहा कि हमारी व्यापक सामरिक साझेदारी ने पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है और आज की वार्ता के माध्यम से हमारे सहयोग में अनेक नए आयाम जुड़े हैं।

## एलजी की निगरानी में हो रहा नालों की सफाई का काम हटाई गई 57 हजार मैट्रिक टन से अधिक गाद



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू की निगरानी में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्रों में बारिश के पानी की निकासी वाली नालियों की गाद (सिल्ट) साफ करने का काम पूरा कर लिया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस साल गाद हटाने का काम पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। अधिकारी ने बयान में कहा कि नरेला, रोहिणी और द्वारका क्षेत्रों में यह काम अंतिम चरण में है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मानसून से पहले शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और भारी बारिश से निपटने की तैयारी के लिए मिशन मोड में नालियों की सफाई का काम शुरू किया था। बयान में कहा गया कि उपराज्यपाल टीएस संधू लगातार विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं और खुद नालियों की सफाई के काम की निगरानी कर रहे हैं, ताकि भारी बारिश के दौरान दिल्लीवासियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

उनके निर्देशों का पालन करते हुए डीडीए ने जमीन पर काम की गति बढ़ाई और नियमित रूप से इसकी प्रगति पर नजर रखी। काम को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए दिल्ली को छह क्षेत्रों पूर्वी, दक्षिणी, उत्तरी, नरेला, रोहिणी और द्वारका में बांटा गया, ताकि योजना, निगरानी और काम समय पर पूरा किया जा सके।

## हिमाचल प्रदेश में जेपी नड्डा आईसीएमआर के हाई-एल्टीट्यूड रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**



केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा 11 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के केलोंग में आईसीएमआर के 'हाई-एल्टीट्यूड मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ रिसर्च सेंटर' की आधारशिला रखेंगे। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह सेंटर केलोंग में आईसीएमआर के मौजूदा फील्ड स्टेशन को रिसर्च, इनोवेशन और क्षमता निर्माण के लिए एक पूर्ण, मल्टी-डिसिप्लिनरी हब में अपग्रेड करेगा, जो भारत के अधिक ऊंचाई वाले और जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। यह सेंटर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के तहत इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा स्थापित किया जा रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चूंकि हिमालयी इको सिस्टम सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी खास चुनौतियां पेश करता है, इसलिए केलोंग सेंटर व्यापक रिसर्च के दायरे में स्थिति-विशिष्ट वैज्ञानिक प्रमाण और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकने वाले समाधान तैयार करेगा। हिमालयी इको सिस्टम की पहचान अधिक ऊंचाई, अत्यधिक जलवायु परिस्थितियों, कठिन इलाकों और जलवायु में बढ़ते बदलावों से होती है जो बीमारी के पैटर्न, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और आपातकालीन प्रतिक्रिया को प्रभावित करते हैं।

# जिन्हें कब्रिस्तान प्यारा, वे ही कर रहे राम मंदिर का विरोध : सीएम योगी

» **बांदा, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को फिर निशाने पर रखते हुए इन सरकारों के कार्यों का अंतर बताया। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। उन्होंने हिंदू परंपरा व सनातन को कोसना जीवन का ध्येय बनाया है। वे वैभवशाली व विकसित




भारत नहीं देखना चाहते। हमारी सरकार जो पैसा मंदिरों के विकास व धामों के सुंदरीकरण के लिए देती है, समाजवादी पार्टी के समय यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के लिए जाता था। उन्हें कब्रिस्तान प्यारा है, इसलिए वे राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य धाम के विकास का विरोध करते हैं। सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकासविरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए। सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गईं कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो की चपेट में आने से फेरी लगाने वाले की मौत

**लोनी, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** ऑटो चालक ने सभापुर अंडरपास जीवन गेट के पास एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इलाज के लिए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। घटना के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। तालिब निवासी रामपार्क एक्सटेंशन ने बताया कि उनके पिता सहुल अंसारी रिक्शा-ठेली पर सामान लादकर कॉलोनियों में फेरी लगाकर सामान बेचते थे। चार जुलाई को मुस्तफाबाद कॉलोनी से ठेली पर सामान लादकर उनके पिता जीवन गेट जा रहे थे। जब वह सभापुर फ्लाई ओवर के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। इससे पिता सहुल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक उनके घायल पिता को ऑटो से निजी अस्पताल लेकर पहुंचा और वहां से लोनी नाईपुरा कॉलोनी स्थित 50 सैय्या अस्पताल ले आया। परिजनों ने बताया कि गंभीर हालत में लोनी अस्पताल में छोड़ आरोपित ऑटो चालक वहां से भाग गया। जहां चिकित्सक ने जांच में घायल पिता को मृत घोषित कर दिया। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने ऑटो नंबर के आधार पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर, लोडर और बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, तीन घायल

**नोएडा, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने सब्जियों से भरे लोडर वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडर के साथ-साथ सड़क किनारे चल रही एक मोटरसाइकिल भी दुर्घटना की चपेट में आ गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को थाना फेस-2 क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने सब्जियों से भरे लोडर वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से लोडर अनियंत्रित हो गया और उसकी चपेट में पास से गुजर रही एक मोटरसाइकिल भी आ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फेस-2 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

# लगातार बारिश से नोएडा-ग्रेटर नोएडा बेहाल, सरकारी दफ्तरों से लेकर स्कूलों और अंडरपास तक जलभराव

**» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**



बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर की सड़कों, सरकारी कार्यालयों, अंडरपास, आवासीय क्षेत्रों और निर्माण स्थलों पर जलभराव की गंभीर स्थिति देखने को मिली। कई स्थानों पर बारिश के कारण हादसे भी हुए। कहीं सरकारी कार्यालय में पानी भर गया तो कहीं निर्माणाधीन बेसमेंट धंसने से बाउंड्रीवाल गिर गई। वहीं दादरी में एक मकान की दीवार भरभराकर गिरने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नोएडा के सेक्टर-33 स्थित एआरटीओ कार्यालय में बारिश का पानी भर जाने से पूरा परिसर तालाब में तब्दील हो गया। कार्यालय के कमर्शियल, प्रवर्तन और एआरटीओ सहित सभी कमरों में पानी घुस गया, जिससे कार्यालय का कामकाज प्रभावित हुआ। कर्मचारी कमरों से पानी निकालते और सफाई करते नजर आए। परिसर के बाहर बने नाले की समय पर सफाई नहीं होने के कारण ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया। इससे कार्यालय आने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एआरटीओ नंद कुमार स्वयं कार्यालय की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते दिखाई दिए और उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को फोन कर जलभराव की समस्या से अवगत कराया। बारिश का असर ग्रेटर नोएडा के न्यू दादरी जंक्शन और शिवालिक होम्स सोसाइटी के पास बने अंडरपास पर भी देखने को मिला। अंडरपास में भारी मात्रा में पानी भर गया, जिससे कई कारें और अन्य वाहन बीच रास्ते में फंस गए। पानी निकालने के लिए अस्थायी पंप लगाए गए हैं, लेकिन कई स्थानों से पानी दोबारा अंडरपास में रिसने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्थायी उपायों के बजाय जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि हर बारिश में लोगों को इस परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के पास निर्माणाधीन लंदन मार्ट में बेसमेंट निर्माण के दौरान सड़क धंस गई और पूरी बाउंड्रीवाल गिर गई।

## रेखा गुप्ता ने इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ




**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि दिल्ली मेट्रो केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं, बल्कि विकसित दिल्ली की आधारशिला है।

राजधानी में मेट्रो नेटवर्क का निरंतर विस्तार नागरिकों को सुरक्षित, तेज, सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है।

> मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

दिल्ली सरकार भी इसी दृष्टि के अनुरूप राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार एवं दिल्ली मेट्रो के साथ समन्वित रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली मेट्रो की मेजेंटा लाइन का इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर खंड का भूमिगत विस्तार होगा।

इस कॉरिडोर पर इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खां पार्क, झंडेवालान मंदिर, नबी करीम, नई दिल्ली, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय-आईजी स्टेडियम और इंद्रप्रस्थ सहित कुल 10 आधुनिक भूमिगत मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

परियोजना पूरी होने के बाद मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई लगभग 89 किलोमीटर हो जाएगी, जिससे यह दिल्ली मेट्रो की सबसे लंबी लाइन बन जाएगी।

इसके साथ ही इस लाइन पर सबसे अधिक इंटरचेंज और भूमिगत स्टेशन होंगे, जिससे राजधानी के विभिन्न हिस्सों के बीच यात्रा पहले से अधिक तेज, आसान और सुविधाजनक हो जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

अधिक से अधिक नागरिकों के सार्वजनिक परिवहन से जुड़ने पर निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी, जिससे ट्रैफिक जाम, ईंधन की खपत एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और पर्यावरण संरक्षण को भी नई मजबूती मिलेगी। दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी को विश्वस्तरीय, आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना है ताकि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ आवागमन की सुविधा मिल सके।

## जेवर हादसे में 3 मजदूरों की मौत, जल्द गिरफ्तार होगा वाहन चालकः एडीसीपी संतोष कुमार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि थाना जेवर क्षेत्र में नीमका गांव के पास बुधवार रात को यह दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रकरण में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दुर्घटना वाली स्कॉर्पियो कार को पहचान लिया गया है और उसे कब्जे में ले लिया गया है। ड्राइवर की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अन्य कानूनी कार्रवाई जारी है। हादसे में जान गंवाने वाले लोग मजदूरी करने के लिए यहां आए थे। सभी धान की रोपाई का काम कर रहे थे और काम खत्म होने के बाद पैदल वापस जा रहे थे, तभी रात के अंधेरे में यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान करन (22 वर्ष) पुत्र मिथलेश, विश्वजीत (24 वर्ष) पुत्र सतीश और मिथुन (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बिहार के अररिया जिले के निवासी थे और धान की रोपाई का कार्य करने के लिए जेवर क्षेत्र में आए हुए थे।

## 20 मिनट का साथ, हमेशा के लिए बिछड़े जुड़वां भाई

**» दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**



राम और श्याम... दोनों ने बचपन साथ बिताया, साथ बड़े हुए और जिंदगी के हर सुख-दुख में एक-दूसरे का हाथ थामे रखा। लेकिन बुधवार को रोहिणी सेक्टर-16 के जी-4 में हुए हादसे से 20 मिनट के अंतर से जन्मे इन जुड़वां भाइयों की जोड़ी हमेशा के लिए बिछड़ गई।

इमारत गिरने के हादसे में राम की मौत हो गई। अस्पताल के बाहर खड़े श्याम की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वह बार-बार बस एक ही बात दोहरा रहे थे, मेरा भाई बहुत सीधा था... उसने किसी का क्या बिगाड़ा था? एक पल में इस हादसे ने न सिर्फ जुड़वां भाइयों को जुदा कर दिया, बल्कि एक परिवार से उसका सहारा भी छीन लिया। पीछे रह गए हैं बूढ़ी मां की सूनी आंखें, छोटे बच्चों का अनिश्चित भविष्य और एक ऐसे भाई का दर्द, जिसके लिए उसका हमसाया हमेशा के लिए बिछड़ गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई। छोटा भाई रवि और राम का दोस्त उन्हें पीसीआर की मदद से डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे। रवि ने बताया कि राम के सिर से लगातार खून बह रहा था और उनके कपड़े पूरी तरह खून से भीग चुके थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्याम ने बताया कि परिवार जी-4 इलाके में ही रहता है। घर में मां, छोटा भाई, श्याम और राम का परिवार साथ रहता है। राम अपने पीछे पत्नी और 8 व 12 साल के दो बेटों को छोड़ गए हैं। परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। वह इलाके की मार्केट में बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाकर घर का खर्च उठाते थे।

### अस्पताल पहुंचने से पहले जिंदगी साथ छोड़ गई

बुधवार दोपहर भी राम रोज की तरह दुकान पर काम कर रहे थे। उनका दोस्त रवि भी वहीं मौजूद था। इसी दौरान कुछ सामान लेने के लिए दोनों बाइक से मार्केट की ओर निकले। लेकिन कुछ ही पल बाद इमारत भरभराकर गिर पड़ी। दोनों मलबे के नीचे दब गए। रवि को मामूली चोटें आईं, लेकिन राम मलबे में पूरी तरह दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही जिंदगी उनका साथ छोड़ चुकी थी।

हादसे के समय राम की पत्नी घर पर नहीं थीं। उन्हें फोन पर सिर्फ इतना बताया गया कि उनकी सास घायल हो गई हैं।

## दिल्ली में स्नैचर गिरफ्तार, 5 चोरी के मोबाइल और स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली,, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** दिल्ली पुलिस ने एक कुख्यात स्नैचर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से पांच चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी के नंद नगरी पुलिस स्टेशन की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि स्कूटी का इस्तेमाल कई स्नैचिंग की घटनाओं में किया गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 6 जुलाई को पुलिस स्टेशन को इलाके में बी-6 धर्मशाला के पास एक मोबाइल फोन छीने जाने की शिकायत मिली। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची, शिकायतकर्ता पूजा का बयान दर्ज किया और नंद नगरी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की। जांच के दौरान नंद नगरी इंस्पेक्टर वीरेंद्र के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने लगातार तकनीकी और क्षेत्रीय जांच की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया, तकनीकी निगरानी की, स्थानीय जानकारी जुटाई और इलाके में सक्रिय आदतन अपराधियों की पहचान की। अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से नंद नगरी क्षेत्र के निवासी 36 वर्षीय आकाश नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। लगातार पूछताछ के दौरान, आरोपी ने कई छीन-झपट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके खुलासे के आधार पर पुलिस ने पांच चोरी के मोबाइल फोन और चोरी की स्कूटी बरामद की। अन्य मामलों में आरोपी की संलिप्तता का पता लगाने और उसके किसी भी सहयोगी की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

# संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन के आ'ान पर देशव्यापी आंदोलन का किया, ऐलान

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 09 जुलाई । अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी पानीपत बैठक क्रांतिकारी शिव वर्मा स्मारक भवन, गीता कॉलोनी पानीपत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक ने की। और मंच का संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए किसान-मजदूर-जनविरोधी नीतियों के संयुक्त किसान मोर्चा एंव केन्द्रीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन -कर्मचारी फेडरेशन के संयुक्त आ'ान पर देशव्यापी लंबे आंदोलन का ऐलान किया। जिसमें मुख्य मुद्देः भाजपा सरकार द्वारा किसानों और कृषि क्षेत्र बर्बाद करने वाली देशद्रोही अमरीका के साथ होने वाले कृषि समझौते पर रोक लगाने। बिजली विभाग के नीजिकरण पर रोक लगाने।

मजदूरों को बंदुआ गुलाम बनाने वाले लेबर कोड रद्द करने।

मनरेगा कानून को बहाल करने। बढ़ती मंहगाई -बेरोजगारी-भ्रष्टाचार पर रोक लगाने। बैठक को संयुक्त किसान मोर्चा जिला सह संयोजक सुनील दत्त मोदी भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा किसान -मजदूर की दुश्मन सरकार। पूंजी पत्तियां का गुलाम बनाने के लिए काले कानून बनाए जा रहे हैं। अमेरिका के सामने पूरी तरह से घुटने देखते हुए देश के कृषि क्षेत्र और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का षड्यंत्र जारी है।

बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कंवर सिंह छोकर, उप प्रधान दिलावर सिंह राठी, प्रेस सचिव फौजी रोहतास आर्य, सह सचिव सीताराम शर्मा, रामकिशन कुंडू, राजवीर गिरी, गुलाब सिंह, शीशपाल शर्मा, रामरूप सैनी,एस ए खान, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ प्रधान कश्मीर सिंह आदि ने मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए भविष्य के संघर्ष को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

**भविष्य की आंदोलन:**बिजली के निजीकरण के खिलाफ किसान मजदूर कर्मचारी संगठनों की 14 जुलाई 2026 को रोहतक कर्मचारी भवन में राज्यस्तरीय कन्वेंशन।

पानीपत जिला के किसानों की बिजली विभाग से संबंधित लंबित मांगों को लेकर 16 जुलाई 2026 बिजली विभाग के एसी सी जिला कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना।

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आ'ान पर 22-23-24 जुलाई 2026 अमेरिका के साथ कृषि समझौते को रद्द करने की मांग को लेकर पूरे देश के अंदर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप-भारत के प्रधानमंत्री मोदी का विरोध स्वरूप पुतला दहन कार्यक्रम।

## पीएम मोदी ने भारत को सुशासन और स्थायित्व का वैश्विक ब्रांड बनाने का काम किया : मुख्तार नकवी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि आज की तारीख में भारत की पहचान वैश्विक मंच पर अलग है। उन्होंने गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि 2014 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को सुशासन और स्थायित्व का वैश्विक ब्रांड बनाने का काम किया है। भारत आज की तारीख में वैश्विक ब्रांड संयोग से नहीं बना है, बल्कि यह उनके परिश्रम का नतीजा है। पूरी दुनिया में भारत की साख अगर बढ़ी है, तो निश्चित तौर पर इसका श्रेय अगर किसी को जाता है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनके मुताबिक, 2024 से पहले किस तरह से संकट की स्थिति बनी हुई थी, यह बात किसी से छुपी नहीं है। किस तरह से कुछ लोगों ने राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में अवधारणाओं को प्रचारित करने की कोशिश की गई, वो बात भी किसी से छुपी नहीं है। लेकिन, मैं समझता हूं कि इन तमाम दुश्वारियों को परास्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर भारत की धाक और धमक को मजबूत करने का काम किया है..

# जींद हाइड्रोजन ट्रेन उद्घाटन समारोह में हिसार से 2000 कार्यकर्ताओं की भागीदारी का लक्ष्य : डॉ. कमल गुप्ता

» हरियाणा/हिसार, यूटर्न/ 09 जुलाई






भारतीय जनता पार्टी हिसार विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ तथा महापौर प्रवीण पोपली विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद में जींदझ्र सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन समारोह में हिसार विधानसभा क्षेत्र से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार विधानसभा से कम से कम 2000 लोगों की उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों तथा पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि रैली में जाने वाले सभी वाहन इलेक्ट्रिक अथवा सीएनजी आधारित होंगे तथा डीजल या पेट्रोल से चलने वाले किसी भी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जींदझ्र सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन भारत की आधुनिक, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। हाइड्रोजन तकनीक आधारित यह ट्रेन प्रदूषण में कमी लाने के साथ-साथ पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता भी घटाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन, यात्रा समय में कमी तथा आधुनिक यात्री सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा और हरित परिवहन के क्षेत्र में भारत को नई पहचान मिलेगी।

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं और आम जनता में भारी उत्साह है तथा निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक संख्या में लोग जींद पहुंचेंगे। महापौर प्रवीण पोपली ने भी कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाने का आ'ान किया। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला नें बताया की इस अवसर पर हिसार विधान सभा संयोजक राम चन्दर गुप्ता सहित हिसार विधान सभा के सभी जनप्रतिनिधि तीनो मंडलो के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# गोदामों, कारखानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य सुरक्षा मानक लागू, उल्लंघना पर होगी सख्त कार्रवाईः उपायुक्त

### पानीपत में गोदामों और औद्योगिक इकाइयों के लिए नए सुरक्षा निर्देश जारी

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 09 जुलाई । उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले के सभी कारखानों, भंडारण इकाइयों, गोदामों, और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए विस्तृत सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी करते हुए उनके तत्काल प्रभाव से पालन के आदेश दिए हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी कारखाने, गोदाम, भंडारण इकाई या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में कर्मचारियों या ठेका श्रमिकों के 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्यस्थल या उसके आसपास रहने की अनुमति नहीं होगी। महिला कर्मचारियों को नियुक्ति के समय लिखित रूप से इसकी जानकारी देना अनिवार्य होगा।

ठेकेदारों और श्रमिक आपूर्तिकताओं को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी श्रमिक अपने बच्चों को कार्यस्थल पर लेकर न आए। आदेशों के अनुसार जिन प्रतिष्ठानों में 30 या उससे अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां श्रम कानूनों के अनुरूप शिशु देखभाल केंद्र की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने गोदामों और भंडारण इकाइयों में सामान रखने के लिए भी सख्त मानक तय किए हैं। कपड़ा, वस्त्र और अन्य भारी सामग्री को सुरक्षित, संतुलित और निर्धारित ऊंचाई तक ही रखा जाएगा। अस्थिर, झुके हुए या अधिक ऊंचाई तक लगाए गए ढेरों को तुरंत हटाकर दोबारा सुरक्षित तरीके से लगाया जाएगा। सामान की ढुलाई और ढेर लगाने का कार्य केवल प्रशिक्षित या अनुभवी व्यक्ति की निगरानी में होगा तथा आवागमन के रास्ते हर समय खुले रखे जाएंगे। सभी औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, उचित वेंटिलेशन, अग्निशमन उपकरण, प्राथमिक उपचार पेटी तथा हिंदी भाषा में सुरक्षा संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाना भी अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी कारखानों, गोदामों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास वैध लाइसेंस या पंजीकरण होना जरूरी है। बिना वैध पंजीकरण या लाइसेंस के संचालन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# केडीबी के अंतर्गत तीर्थ स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर रखा जाए विशेष फोक्स : विश्राम कुमार मीणा

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 जुलाई । उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के माध्यम से कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड अपने अधीनस्थ तीर्थ स्थलों पर जो विकास कार्य करवा रहा है, उन विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए। इतना ही नहीं सभी विकास कार्य निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरे किए जाएं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को देर सायं केडीबी कार्यालय के सभागार में ज्योतिसर और आसपास के तीर्थ स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नजदीक ब्रह्मसरोवर पर स्ट्रीट फूड हब, पर्यटन विभाग की तरफ से ज्योतिसर में किए जा रहे कार्यों, महाभारत अनुभव केंद्र कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से किए जा रहे विकास कार्यों, दक्ष प्रजापत चौक, एलिवेटेड कॉरिडोर और विश्वकर्मा चौक पर मोगलिटी प्लांट, ब्रह्मसरोवर और एलिवेटेड ट्रैक के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करने जैसे विषयों पर फीडबैक ली गई और अधिकारियों कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार कुरुक्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर नियमित रूप से चर्चा करते हैं। इसके साथ ही विकास कार्यों की फीडबैक भी ले रहे हैं, इसलिए सभी अधिकारी पूरी मेहनत और लग्न के साथ विकास कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इन पर्यटकों को तमाम प्रकार की सुविधाएं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और सरकार की तरफ से उपलब्ध करवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंगल, एसडीएम अमन कुमार, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

## अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का किया समाधान

**हरियाणा/हिसार, यूटर्न/ 09 जुलाईः** लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेवजह नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। इसके लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से संबंधित शिकायत ज्यादा दिन तक लंबित न रहे। समाधान शिविर में आजाद नगर निवासी पुनम द्वारा ईएमआई न भरने पर बैंक द्वारा घर बेचने के नोटिस संबंधी मामले तथा साकेत कॉलोनी निवासी कांशीराम द्वारा समिति के विरुद्ध झूठे आरोप लगाकर सरकारी अधिकारियों को गुमराह करने व समिति की छवि धूमिल करने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को दोनों मामलों पर आगामी कार्यवाही करने को कहा। गांव सीसवाल निवासी एक प्रार्थी ने खेत में पड़ोसी द्वारा सरकारी पक्की खाल को बंद करके पानी रोकने व हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने को कहा। गांव लाडवी निवासी बलदेव द्वारा कृषि भूमि सिंचाई हेतु सीसवाल सब माईनर के मोगा एवं खाल के निर्माण के दौरान हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाने संबंधी मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य मामले में एक पशु पालन सहकारी गृह निर्माण समिति को सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा गलत तरीके से प्लाट काटने एवं बेचने संबंधी मामलों की जांच करवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने की हिदायत दी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आवासीय मकान में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन, करंट से गोवंश की गई जान

» **खोड़ा, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

थानाक्षेत्र के दीपक विहार इलाके में बुधवार सुबह दो मंजिला आवासीय मकान के बाहर करंट से गोवंश की मौत पर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। स्थानीय पार्षद संजय तिवारी ने समुदाय विशेष व्यक्ति पर मकान में ई-रिक्शा पार्किंग और अवैध चार्जिंग स्टेशन संचालित करने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि दो दिन पहले भी गोवंश मौत करंट से हो गई थी। आरोपी मकान



मालिक पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उधर, शिकायत पर ऊर्जा निगम की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मकान से बिजली कनेक्शन काटने के बाद मीटर भी उतार लिए।

पार्षद संजय तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह करीब पांच बजे उन्हें स्थानीय लोगों ने बैल की करंट लगने से मौत की जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि मकान के भूतल पर ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन व पार्किंग संचालित है। आवासीय मकान में व्यावसायिक गतिविधि के लिए 25 किलोवाट और 10 किलोवाट के अलग-अलग कनेक्शन ऊर्जा निगम से ले रखे थे। बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और वहां पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। पार्षद ने मकान मालिक को कॉल करके बातचीत की, लेकिन उन्होंने मौके पर आने से इन्कार कर दिया। स्थानीय लोगों व पार्षदों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को कॉल की लाइनमैन पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में कनेक्शन काटा गया। वहीं, खोड़ा थाने में तहरीर देते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर दी गई है, मामले की रिपोर्ट ऊर्जा निगम को भी भेजी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पांच मुखौटों के पीछे छिपा लूट का एक ही चेहरा, 650 करोड़ के घोटाले में हुआ यह खेल; कई खुलासे



» **दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में कथित 650 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच में निजी सप्लायर राजीव रंगीला की भूमिका को लेकर नए खुलासे हुए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्राथमिकी के अनुसार, रंगीला ने सरकारी खरीद व्यवस्था पर इस कदर पकड़ बना ली थी कि कई अधिकारी उसकी मुखौटा कंपनियों के बिलों को मंजूरी देने तक सीमित रह गए। मामले का मुख्य आरोपी राजीव रंगीला फरार है और एसीबी की कई टीमें उसकी तलाश में लगातार छापे मार रही हैं।

जांच में सामने आया है कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली निविदा प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से प्रभावित किया गया। आरोप है कि रंगीला ने दूसरों के नाम पर एफ मेड डिवाइसेज, टेक्नोक्रेट्स, राजश्री, आशी सर्जिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स तथा एम साहिब एंड संस समेत पांच कंपनियां खड़ी कर रखी थीं। निविदाओं में यही कंपनियां एक-दूसरे के खिलाफ बोली लगाती थीं, जिससे प्रतिस्पर्धा का आभास होता था, जबकि इन सभी का संचालन कथित रूप से रंगीला ही कर रहा था। एसीबी के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने इन कंपनियों के पास आवश्यक अनुभव और कारोबार नहीं होने के बावजूद इन्हें तकनीकी मूल्यांकन में पात्र घोषित कर दिया। वहीं, कई वास्तविक सप्लायरों को बिना ठोस कारण के बाहर कर दिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि खरीद प्रक्रिया को छिपाने के लिए सरकारी पोर्टल पर भ्रामक जानकारी दर्ज की गई। जिन निविदाओं के तहत सामान की आपूर्ति हो चुकी थी और पूरा भुगतान भी किया जा चुका था, उन्हें पोर्टल पर जानबूझकर सक्रिय या प्रक्रिया में दिखाया जाता रहा। जांच में उपकरणों की खरीद में भारी मूल्यवृद्धि के आरोप भी सामने आए हैं। एसीबी के मुताबिक, करीब 25 लाख रुपये कीमत वाली सी-आर्म मशीन स्वास्थ्य विभाग को लगभग 1.10 करोड़ रुपये में बेची गई।

# सड़क से दस-दस के नोट बटोरने में जुटा कार से 12 लाख रुपये साफ

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** कविनगर की पॉश कॉलोनी आरडीसी में आए एवीएस कंपनी के अकाउंटेंट संदीप कुमार की कार से टप्पेबाजों ने बड़ी सफाई से 12 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग, पांच छह पैन ड्राइव और एक लैपटॉप साफ कर दिया। टप्पेबाज ने अकाउंटेंट से कार से कुछ गिरने की बात कही। कार के नजदीक दस-दस के चार-पांच नोट पड़े दिखाई देने पर अकाउंटेंट उन्हें बटोरने में जुट गए और टप्पेबाज ने कार से लाखों की नकदी और लैपटॉप साफ कर दिया। पीड़ित ने कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि रॉयल गार्डेन सोसायटी अवंतिका के रहने वाले संदीप कुमार राजनगर एक्सटेंशन स्थित एवीएस कंपनी में अकाउंटेंट हैं। संदीप कुमार के मुताबिक बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे वह आरडीसी स्थित कोटेक



बैंक में चेक जमा करने आए थे। चेक जमा कर वह कार में बैठे थे। इसी दौरान एक युवक उनके पास आया और बताया कि कार से कुछ सामान नीचे गिरा है। कार से नीचे उतरकर देखा तो चार-पांच नोट दस-दस के सड़क पर कार के नजदीक पड़े थे। वह नोटों को बटोरने लगे। जब वह कार में वापस बैठे तो 12 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग, पांच पैन ड्राइव और लैपटॉप चोरी हो चुके थे।

## कौशांबी बस अड्डे पर भरा पानी, लोगों ने करंट उतरने की शिकायत की

**कौशांबी, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** दो दिन से हो रही बारिश से बुधवार को कौशांबी बस अड्डे में भी जलभराव हो गया। इससे यात्रियों को बसों तक पहुंचने के लिए भी बरसात के पानी से गुजरना पड़ा। वहीं, बरसात से डिपो की कैंटीन के पास जमा पानी में करंट उतरने की यात्रियों ने शिकायत की है। कई यात्रियों ने बताया कि पानी से गुजरते समय उन्हें बिजली के हल्के झटके महसूस हुए, इससे वहां दहशत का माहौल बन गया। कौशांबी बस अड्डे पर मौजूद आलोक सिंह ने बताया कि जब वह पानी से रास्ता पार करते हुए निकले तो बिजली के झटके महसूस किए। वहीं, रोहित यादव ने बताया कि जब वह पानी घुसे तो करंट महसूस किया। करंट के साथ ही डिपो के प्लेटफॉर्म नंबर-2 की छत से पानी टपकता रहा। डिपो पर बस का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं थी जहां वह



बैठ सकें। डिपो पर जल भराव और छत से टपकता पानी इन सबके बीच लोग काफी परेशान रहे। बस अड्डे के बाहर बह रहा नाला ओवरफ्लो होने की वजह से डिपो में स्थित शौचालय और कैंटिन के बगल में जलभराव हो गया था। कौशांबी डिपो एआरएम अंशुल भटनागर ने बताया कि मंगलवार रात शॉर्ट सर्किट की घटना हुई थी, इसके बाद तत्काल मरम्मत कराई गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश में जलमग्न हुई शहर की सड़कें, जाम में फंसे लोग

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** नगर निगम के दावों के बीच दो दिन से हो रही बारिश ने जिम्मेदारों की तैयारियों की पोल खोल दी। बुधवार को हुई बारिश से इंदिरापुरम के साथ ही अर्थला, राजेंद्रनगर, कड़कड़ माडल, सौर ऊर्जा मार्ग, कौशांबी, ब्रज विहार, सूर्यनगर, चंद्रनगर, शालीमार गार्डन के कई इलाकों में लोगों को जल भराव और जाम की परेशानी झेलनी पड़ी। इंदिरापुरम में निर्माण कार्यों के चलते खोदाई वाले स्थानों पर हादसे का खतरा भी बना रहा। लोगों का आरोप है कि कई जगह नगर निगम ने अभी तक बैरिकेडिंग नहीं कराई है। गलियों से लेकर पार्क तक में पानी भरने से आवाजाही प्रभावित हुई। राजेंद्र नगर डीएवी स्कूल के सामने जल भराव की वजह से स्कूल की छुट्टी के दौरान जाम लग गया। यहां आधी सड़क पर पानी भरा होने की वजह से लोगों को परेशानी हुई। दिल्ली से मोहन नगर की ओर आते हुए जीटी रोड पर निर्माण कार्य के कारण अव्यवस्था लोगों को झेलनी पड़ी। न्याय खंड-1 स्थित विधायक कॉलोनी में जाम नालों के कारण कॉलोनी के कई हिस्सों में पानी भर गया। उधर, विधायक कॉलोनी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर नालों की तत्काल सफाई, मुख्य नाले की डी-सिल्टिंग और लीकेज की मरम्मत कराने की मांग की।

### गंगाजल प्लांट बंद रहने से टीएचए के कई इलाकों में पेयजल संकट

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** बारिश के कारण सिद्धार्थ विहार स्थित गंगाजल प्लांट की विद्युत लाइन में फॉल्ट से बुधवार करीब चार घंटे तक गंगाजल के दोनों प्लांट बंद रहे। इससे टीएचए के कई इलाकों में मंगलवार को शाम और बुधवार की सुबह की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। कई क्षेत्रों में लोगों को पानी नहीं मिला और जहां गया वहां गंदा पहुंचा। इससे उन्हें बोतलबंद पानी खरीदकर जरूरत पूरी करनी पड़ी। सिद्धार्थ विहार में 365 एमएलडी क्षमता के दो गंगाजल प्लांट हैं। इनसे टीएचए क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सुबह-शाम पेयजल आपूर्ति की जाती है, लेकिन विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से दोनों प्लांट प्रभावित रहे। गंगाजल की आपूर्ति प्रभावित होने का सबसे अधिक असर शाम की सप्लाई पर पड़ा। हालांकि जलकल विभाग ने भूजल के जरिए आपूर्ति करने का प्रयास किया, लेकिन कई इलाकों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच सका। वसुंधरा के करीब एक दर्जन क्षेत्रों में शाम को गंगाजल की आपूर्ति नहीं हो पाई।

# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, तीन घंटे बाद बहाल हुई बिजली

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई**

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में मंगलवार रात करीब 10 बजे ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। फाल्ट की सूचना पर जेई और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने देर रात तक मरम्मत का काम किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद बिजली निगम ने रात लगभग एक बजे ट्रांसफॉर्मर को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। निगम अधिकारियों ने बताया कि रात करीब एक बजे ट्रांसफॉर्मर ठीक कर बिजली आपूर्ति दोबारा शुरू कर दी गई। इसके बाद बुधवार सुबह भी स्थिति खराब रही। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी सतीश भारद्वाज ने बताया कि बारिश से लाइन में फॉल्ट से सुबह 11 बजे से तीन बजे आपूर्ति ठप रही। वहीं बुधवार को हुई बारिश के दौरान हाइटेंशन लाइन में फॉल्ट आने से टीएचए के कई इलाकों में करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में बुधवार को सुबह से ही बिजली ट्रिपिंग का सिलसिला शुरू हो



गया। इंदिरापुरम ज्ञान खंड तीन निवासी जगदीश सिंह ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे अचानक बिजली गुल हो गई और एक घंटे बाद आई। इसके बाद सुबह 10 बजे से बारिश शुरू होने पर दोबारा गुल हो गई। वहीं, भोपुरा निवासी विकास ने बताया कि बारिश में बिजली ट्रिपिंग कि समस्या अधिक हुई। सुबह सात बजे से 11 बजे तक बिजली का आना-जाना लगा रहा। इसके बाद 12 बजे से तीन बजे तक का लंबा कट लगा। करीब छह घंटे तक बिजली गुल रही और शाम पांच बजे के करीब में आपूर्ति सामान्य हुई। इसके अलावा इंदिरापुरम के ज्ञान खंड एक में सुबह सात बजे से 11 बजे तक, न्याय खंड एक में 10 बजे से दो बजे तक बिजली गुल रही।

# रातभर हुई बारिश से बेहाल दिल्ली-एनसीआर: सड़कों पर घुटनों तक पानी, गलियां भी लबालब, रफ्तार पर ब्रेक; तस्वीरें

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई**

गुरुवार की सुबह दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश हुई, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में मानसून का दौर जारी रहा। इस बारिश से हाल की उमस भरी गर्मी से निवासियों को काफी राहत मिली है।

**मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट:** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राजधानी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह दिन के अधिकांश समय क्षेत्र में भारी बारिश का संकेत देता है। लगातार बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में हल्का जलभराव हो गया। इनमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और मुनिरका जैसे इलाके शामिल हैं।

**10 जुलाई तक नहीं सुकने वाली बारिश:** आईएमडी के अनुसार, 10 जुलाई तक हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्यापक बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश में 13 जुलाई तक बारिश का एक नया दौर जारी रहने की उम्मीद है।

पूर्वी राजस्थान में 9 जुलाई को इसी तरह की गतिविधि देखने को मिल




सकती है। इन क्षेत्रों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने किसानों को भी सलाह दी है कि वे अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

**अन्य राज्यों में मौसम के हालात:** लगातार बारिश से हाल के दिनों में बढ़ती उमस से राहत मिलने की उम्मीद है। सुबह 2.30 बजे तापमान लगभग 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को उत्तर भारत में मानसून की महत्वपूर्ण बारिश हुई, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिली। उत्तर प्रदेश के मथुरा में रात भर हुई भारी बारिश से व्यापक जलभराव हो गया। इससे यातायात और पैदल चलने वालों की आवाजाही काफी बाधित हुई। कई निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

**पानी का स्तर तीन फीट से ऊपर:** इस बीच, राजस्थान में भी भारी बारिश दर्ज की गई। डूंगरपुर में रात भर हुई भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से कई इलाकों में बाढ़ और जलभराव हो गया। पुराने शहर के घाटी, कनेरा पोल, मोची बाजार और भोईवाड़ा जैसे हिस्सों में पानी का स्तर तीन फीट से ऊपर पहुंच गया।

**जलभराव से बढ़ी लोगों की परेशानी:** स्थानीय प्रशासन ने जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान शुरू किया है। बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**गाजियाबाद में भारी बारिश के कारण सभी स्कूल बंद:** जिले में भारी बारिश के चलते 9 जुलाई 2026 को सभी सरकारी, प्राइवेट और अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह आदेश जारी किया। शालीमार गार्डन का बड़ा नाला उफनकर सड़क पर आ गया। रात भर हुई बारिश के बाद गलियों में पानी घुस गया। लगातार भारी बारिश ने बसंतपुर सैंथली स्थित लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसाइटी की जल निकासी और रखरखाव व्यवस्था की पोल खोल दी है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एआई डेटा सेंटर्स की ग्लोबल रेस में भारत अग्रणी देशों में शामिल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई



एआई डेटा सेंटर की दौड़ में भारत एक प्रमुख दावेदार बनकर उभरा है। ये सेंटर अगली पीढ़ी की कंप्यूटिंग को पावर देंगे। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनियां और देश के बड़े बिजनेस ग्रुप, भारत में एआई के लिए डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

'द सिटीजन' की रिपोर्ट में बताया गया कि इसमें से ज्यादातर निवेश मुंबई और चेन्नई के आसपास केंद्रित है, जो कि अंडरसी (समुद्र के नीचे) केबल नेटवर्क के करीब मौजूद हैं और यह हाइपरस्केल डेटा सेंटर्स के लिए सबसे अच्छी जगह हैं। वहीं, देश के पूर्वीतट पर आंध्रप्रदेश का विशाखापट्टनम हब के रूप में उभर रहा है। इन सुविधाओं के लिए बहुत अधिक बिजली और पानी की जरूरत होती है, ताकि खास तरह के और बहुत अधिक गर्मी पैदा करने वाले कंप्यूटिंग हार्डवेयर को ठंडा रखा जा सके। ये मजबूत पावर ग्रिड, ज्यादा क्षमता वाली फाइबर-ऑप्टिक कनेक्टिविटी और रिन्यूएबल एनर्जी तक बढ़ती पहुंच पर भी निर्भर करते हैं। तेजी से उभरते हुए हब में विशाखापत्तनम भी शामिल है, जो दक्षिणी तटीय राज्य आंध्र प्रदेश का आर्थिक केंद्र है। गूगल ने इस क्षेत्र में 15 अरब डॉलर निवेश करने का वादा किया है, जबकि अदाणी ग्रुप ने भी 2035 तक 5गीगावाट का एआई प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश करने की योजना की घोषणा की है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि हैदराबाद और पुणे जैसे अंदरूनी इलाकों के टेक्नोलॉजी सेंटर तेजी से अपने क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहे हैं, जिससे भारत की डिजिटल पहुंच तटीय इलाकों से आगे बढ़ रही है।

सरकार की सहयोगी पॉलिसी इन प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है। इसके तहत डेवलपर्स को रियायती दरों पर लंबे समय के लिए फाइनेंसिंग और टैक्स में बड़ी छूट दी जा रही है, जिसमें ग्रीन एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए 2047 तक टैक्स हॉलिडे भी शामिल है। हाइपरस्केल एआई प्रोजेक्ट्स में भारी निवेश के कारण, अनुमान है कि इस दशक के आखिर तक भारत की ऑपरेशनल डेटा सेंटर क्षमता बढ़कर लगभग 6.5 गीगावाट हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारी निवेश, सरकार की सहयोगी पॉलिसी और तेजी से बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम की बदौलत, देश दुनिया की प्रमुख एआई ताकतों में से एक बनने की राह पर है और ग्लोबल एआई कॉम्पिटिटिवनेस में सिर्फ अमेरिका और चीन से पीछे है।

# मध्यपूर्व संकट से कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : आईएमएफ

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 09 जुलाई



इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे टकराव की वजह से दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक संस्था ने भारत की 2026 की ग्रोथ का अनुमान थोड़ा घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि अगले साल ऊर्जा से जुड़ी दिक्कतों के कम होने पर देश की ग्रोथ और तेज होगी। आईएमएफ ने अपने ताजा 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में 2026 के लिए भारत की ग्रोथ का अनुमान अप्रैल के अनुमान से 0.1 प्रतिशत अंक घटा दिया, लेकिन 2027 के लिए अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आईएमएफ का कहना है कि उम्मीद से बेहतर आर्थिक गतिविधि और मजबूत घरेलू मांग देश के आउटलुक को सहारा दे रही है।

आईएमएफ अधिकारियों ने अपनी ताजा 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत ने कई दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ग्लोबल अनिश्चितता का बेहतर ढंग से सामना किया है, हालांकि मिडिल ईस्ट में चल रहे टकराव की वजह से ऊर्जा की बढ़ती कीमतें इस साल विकास दर पर असर डालेंगी।

आईएमएफ रिसर्च विभाग की प्रमुख डेनिज इगन ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पत्रकारों को बताया, 'भारत के लिए, हमने इस साल के अनुमान को बहुत मामूली रूप से 0.1 प्रतिशत अंक घटाकर 6.4 कर दिया है। और अगले साल, यानी 2027 के लिए विकास दर के अनुमान को 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया है।'

# अमेरिका-ईरान तनाव से सोने चांदी के दाम में भारी गिरावट

**सोना 480 रुपए टूटकर 1,43,231 प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,631 लुढ़ककर 2,21,806 रुपए**

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई



अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर सोने-चांदी के दामों पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। गुरुवार को वैश्विक कमोडिटी बाजार कॉमेक्स पर जहां बहुमूल्य धातुओं के दाम तेजी से खुले, वहीं बाद में उनमें तेज गिरावट दर्ज की गई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी सोने और चांदी की शुरुआत सुस्त रही और वे निचले स्तरों पर कारोबार करते दिखे। इससे पहले बुधवार को भी इनके दामों में तेज गिरावट आई थी। घरेलू बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी बनी हुई है। सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 1,43,451 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, जो बुधवार के 1,43,711 रुपए के बंद भाव से 260 रुपए कम था। खबर लिखे जाने तक यह 480 रुपए की गिरावट के साथ 1,43,231 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी का सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 2,22,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला, जो पिछले बंद भाव 2,23,437 रुपए से 1,437 रुपए कम था। खबर लिखे जाने तक यह 1,631 रुपए की गिरावट के साथ 2,21,806 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस साल सोने ने 1,80,779 रुपए और चांदी ने 4,20,048 रुपए के रिकॉर्ड स्तरों को छुआ था। मौजूदा गिरावट निवेशकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर सोने का वायदा भाव 4,087.60 डॉलर प्रति औंस पर खुला, लेकिन खबर लिखे जाने तक यह 15.10 डॉलर की गिरावट के साथ 4,067.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। बुधवार को यह 4,082.40 डॉलर पर बंद हुआ था और 4,075 डॉलर प्रति औंस के करीब फिसल गया था। वहीं, चांदी भी 58.88 डॉलर पर खुलने के बाद 0.45 डॉलर की गिरावट दर्ज करते हुए 58.08 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

# भारी गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 238 अंक चढ़कर बंद; निफ्टी 24,000 के करीब

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** पिछले दिन की भारी गिरावट से उबरते हुए भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के सत्र में बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में 0.30 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली।



बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 238.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 76,741.82 पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी50 80.75 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 23,962.80 पर पहुंच गया। दिन के सत्र में सेंसेक्स अपने पिछले बंद 76,503.60 से 72.53 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 76,576.14 पर खुला और दिन के कारोबार में यह 823.04 अंकों यानी 1.07 प्रतिशत की उछाल के साथ 77,326.65 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 23,882.05 से 0.19 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 23,928.95 पर खुला और दिन के कारोबार में यह 252.65 अंकों यानी 1.05 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,134.70 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# नई किया साइरोस ईवी जल्द होगी लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**



कार निर्माता कंपनी किया इंडिया अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का विस्तार करने की तैयारी में है। अगले महीने किआ इंडिया कंपनी अपनी नई किया साइरोस ईवी को लॉन्च कर सकती है। बाजार में इसका सीधा मुकाबला टाटा नेक्सन ईवी, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ ईवी और टाटा पंच ईवी के उच्च वेरिएंट्स से होने की उम्मीद है। लॉन्च से पहले, किया साइरोस ईवी को एक बार फिर भारतीय सड़कों पर परीक्षण के दौरान देखा गया है। सामने आई तस्वीरों से पता चलता है कि इसका डिजाइन मौजूदा पेट्रोल और डीजल मॉडल से काफी मिलता-जुलता रहेगा, लेकिन इसमें इलेक्ट्रिक मॉडल के लिए कुछ खास बदलाव किए जाएंगे। इन बदलावों में चार्जिंग पोर्ट को आगे बाईं तरफ व्हील आर्च के ऊपर स्थापित करना, नए बंपर का डिजाइन और बेहतर एयरोडायनामिक्स वाले नए अलॉय व्हील्स शामिल हैं। वाहन में वर्टिकल एलईडी हेडलैंप, एल-आकार की डे-टाइम रनिंग लाइट और वर्टिकल एलईडी टेललैंप पहले की तरह बरकरार रहने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को मिलेगी गति, प्रमुख कलपुर्जों पर सीमा शुल्क समाप्त

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने गुरुवार को सरकार के उस महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत किया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उपयोग होने वाले प्रमुख कलपुर्जों पर बुनियादी सीमा शुल्क (बीसीडी) को समाप्त कर दिया गया है। कृष्णन ने इस कदम को देश की मूल्य श्रृंखला को और मजबूत बनाने तथा घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा उद्योग को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण बदलाव करार दिया। एक कार्यक्रम से इतर बातचीत में सचिव कृष्णन ने बताया कि यह निर्णय उद्योग जगत की ओर से लगातार किए गए अनुरोधों का परिणाम है। वित्त मंत्रालय के समक्ष मामला उठाने के बाद अब इस संबंध में अधिसूचनाएं जारी हो चुकी हैं। उनका मानना है कि यह पहल विशेष रूप से देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा उद्योग के लिए एक बड़ी राहत और प्रोत्साहन होगी। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य से यह छूट प्रदान की है। इसके तहत डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल जैसे प्रमुख कलपुर्जों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले सामान पर बुनियादी सीमा शुल्क समाप्त कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने इन तीन महत्वपूर्ण घटकों के विनिर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर बीसीडी छूट लागू करने के लिए अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं।

### खाद्य तेलों की कीमतें बढ़ेंगी, रसोई बजट पर दोहरी मार

**मुंबई, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** आयातित खाद्य तेलों की लगातार बढ़ती कीमतों और कमजोर मानसून के कारण घरेलू तिलहन उत्पादन पर मंडराते खतरे के चलते आने वाले महीनों में रसोई का बजट और बढ़ सकता है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार में महंगी खरीद और घरेलू उत्पादन में संभावित गिरावट के कारण उपभोक्ताओं को तत्काल राहत की संभावना नहीं है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार सरसों, सोयाबीन और पाम तेल की औसत खुदरा कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में 10-12 प्रतिशत अधिक हैं। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक बढ़ती परिवहन लागत, कमजोर रुपया और प्रमुख उत्पादक देशों द्वारा खाद्य तेल का बायोडीजल में बढ़ता उपयोग आयात लागत को बढ़ा रहा है। इंडोनेशिया का नया बी50 बायोडीजल कार्यक्रम वैश्विक बाजार में पाम तेल की उपलब्धता को और कम करेगा।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर किया 6.6 प्रतिशत

**मुद्रास्फीति भी बढ़ी; फिर भी भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था**

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।





एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित उछाल को देखते हुए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एडीबी ने गुरुवार को जारी अपनी एशियाई विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर पड़ने वाले दबाव के कारण यह संशोधन किया गया है। इसके विपरीत, वित्त वर्ष 2027-28 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 7.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। एडीबी ने 2026-27 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ा दिया है, जो अप्रैल के 4.5 प्रतिशत से बढ़कर अब 5.2 प्रतिशत हो गया है। 2027-28 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान चार प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी पिछले महीने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अपना अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत किया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पहले के 6.5 प्रतिशत से कम है। हालांकि, आईएमएफ ने 2027-28 के लिए इसे 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया है। रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव और मौसम संबंधी कारणों से कृषि क्षेत्र में संभावित कमजोरी को जोखिम बताया गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# स्मार्टवॉच के इशारों पर भाग रही जिंदगी, थक रहा शरीर

- क्रॉसिंग रिपब्लिक के 25 वर्षीय एक युवक ने जिम में बिना वार्म-अप और स्ट्रेचिंग किए केवल कैलोरी बर्न का लक्ष्य पूरा करने के लिए भारी कार्डियो व्यायाम शुरू कर दिया। पर्याप्त रिकवरी नहीं मिलने से उसकी पीठ और जांघ की मांसपेशियों में गंभीर खिंचाव आ गया और कई दिनों तक बिस्तर पर आराम करना पड़ा।



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई**

कलाई पर बंधी स्मार्टवॉच और मोबाइल फोन में मौजूद फिटनेस एप लोगों की दिनचर्या तय कर रहे हैं। रोजाना स्टेप्स और कैलोरी बर्न का लक्ष्य पूरा करने की होड़ में लोग शरीर की क्षमता और उसके संकेतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। आप भी अगर इस फेहरिस्त में शामिल हैं तो सावधान हो जाइये, क्योंकि इससे मांसपेशियों में खिंचाव, घुटनों की चोट, एड़ी और कंधों के दर्द जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिला (एमएमजी) और संयुक्त जिला अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग में रोजाना ऐसे आठ से 10 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिन्होंने फिटनेस एप पर दिख रहे आंकड़ों के दबाव में जरूरत से ज्यादा व्यायाम किया। इनमें युवाओं के साथ मध्यम आयु वर्ग के लोग व कामकाजी महिलाएं भी शामिल हैं। संयुक्त जिला अस्पताल के वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन सिंह बताते हैं कि लोग शरीर के प्राकृतिक संकेतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। कई बार शरीर पूरी तरह थक चुका होता है, लेकिन स्मार्टवॉच का वाइब्रेशन और अधूरा लक्ष्य उन्हें अतिरिक्त मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। इसका सबसे अधिक असर हड्डियों और मांसपेशियों को जोड़ने वाले हिस्सों पर पड़ता है, जहां सूजन से लेकर स्थायी क्षति तक की स्थिति बन सकती है।

हाल ही में 45 वर्षीय एक कॉरपोरेट प्रबंधक ने सप्ताहभर का कैलोरी लक्ष्य पूरा करने के लिए रविवार को एक साथ 15 किलोमीटर दौड़ लगा दी। अत्यधिक दबाव के कारण उनके घुटने का एसीएल लिगामेंट फट गया और सर्जरी की नौबत आ गई। राजनगर की 38 वर्षीय एक कामकाजी महिला ने रोजाना 12 हजार कदम चलने का लक्ष्य तय किया। करीब सात हजार कदम चलने के बाद पैरों में दर्द और सूजन शुरू हो जाती थी, लेकिन लक्ष्य पूरा करने की जिद में वह लगातार चलती रहीं। अब उन्हें घुटने की टोपी के नीचे होने वाली सूजन (कोंड्रोमलेशिया पटेली) का इलाज कराना पड़ रहा है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक के 25 वर्षीय एक युवक ने जिम में बिना वार्म-अप और स्ट्रेचिंग किए केवल कैलोरी बर्न का लक्ष्य पूरा करने के लिए भारी कार्डियो व्यायाम शुरू कर दिया। पर्याप्त रिकवरी नहीं मिलने से उसकी पीठ और जांघ की मांसपेशियों में गंभीर खिंचाव आ गया और कई दिनों तक बिस्तर पर आराम करना पड़ा। रिकवरी को भी दें उतनी ही अहमियत एमएमजी अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सैय्यद जोहर अली नकवी कहते हैं कि चिकित्सा विज्ञान का पहला सिद्धांत है कि अपने शरीर की सुनें। दर्द और थकान शरीर के चेतावनी संकेत हैं। शरीर पांच हजार कदम चलने के बाद थक रहा है तो वहीं रुकना चाहिए और धीरे-धीरे लक्ष्य बढ़ाना चाहिए। केवल कार्डियो पर ध्यान देने के बजाय स्ट्रेचिंग, फ्लेक्सिबिलिटी, पर्याप्त पानी, संतुलित आहार और रिकवरी को भी समान महत्व देना चाहिए।

# बारिश में हाईवे पर सीमेंट मिक्सर और कार पलटी



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** दिनभर बरसात होने के कारण दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के बराबर में स्थित एनएच-नौ पर दो सड़क हादसे हुए। बुधवार की सुबह करीब नौ बजे मेरठ से दिल्ली जा रहे सीमेंट मिक्सर को बचाने के प्रयास में ट्रक हाईवे पर पलट गया। दूसरा हादसा दिल्ली से अमरोहा जा रहे सुनील की तेज गति से दौड़ रही डस्टर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। गनीमत रही दोनों हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई है। डस्टर चालक पुलिस को सूचना दिए बगैर ही कार सीधी कराकर रवाना हो गया। एडीसीपी यातायात वरुण कुमार सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे राजनगर एक्सटेंशन स्थित त्यागी ट्रांसपोर्ट सीमेंट मिक्सर दिल्ली के लिए निकला। जब वह विजयनगर बाईपास के नजदीक भारत पेट्रोल पंप के सामने एनएच-नौ पर पहुंचा तो सामने से आए ट्रक को बचाने के फेर में इमरजेंसी ब्रेक लगाते ही मिक्सर पलट गया। चालक योगी नारायण तिवारी निवासी प्रतापगढ़ इलाहाबाद ने मिक्सर से कूदकर जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मिक्सर को क्रेन से हटाकर सड़क किनारे कर यातायात सुचारू कराया। वहीं, दोपहर में दिल्ली से अमरोहा तेज गति से जा रही डस्टर कार विजयनगर बाईपास के नजदीक डिवाइडर से टकरा गई।

## अवैध पिस्तौल के साथ दो आरोपी धरे

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** । पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में दो आरोपियों को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पहले मामले में अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना ने चार जुलाई को धौज के बीपीएल कॉलोनी रोड से शहबाज उर्फ काले को पिस्तौल सहित पकड़ा। उसके खिलाफ धौज थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। दूसरे मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने आठ जुलाई को सेक्टर-63 स्थित आशियाना फ्लैट्स के पास से आदर्श नगर निवासी गौरव को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह पिस्तौल अलीगढ़ से 5 हजार रुपये में खरीदकर लाया था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## 32 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** । अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने पुराने एनआईटी थाना गोलचक्कर के पास से एक युवक को 32 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांधी कॉलोनी निवासी बबलू के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एनआईटी थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपराध शाखा को एक जुलाई को सूचना मिली कि बबलू कैप्सूल बेचने के लिए पुराने एनआईटी थाना के पास खड़ा है। सूचना के बाद टीम ने मौके से आरोपी को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि कैप्सूल जब्त कर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ कार्रवाई पूरी की गई है।

## कार का शीशा तोड़कर चोरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** । सेक्टर-31 स्थित बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने बैग चोरी कर ले गए। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार, बुलंदशहर निवासी जितेंद्र सिंह छह जुलाई की रात करीब आठ बजे एक शादी समारोह में शामिल होने बैंक्वेट हॉल पहुंचे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, कार में उनका बैग गायब था, जिसमें आठ हजार रुपये, एक क्रेडिट कार्ड, दो बैंक के दो डेबिट कार्ड, करीब आठ हजार रुपये की दवाइयां और कपड़े रखे थे। पुलिस जांच कर रही है।

# दो महीने की मोहलत के साथ खुलेंगे सील 67 कोचिंग सेंटर और प्ले स्कूल



## पूरे भवन की फायर एनओसी लेना संभव नहीं तो सत्यापन कराएं

बैठक के दौरान कुछ संचालकों ने कहा कि वे किसी भवन के केवल एक हिस्से में संस्थान संचालित करते हैं, ऐसे में पूरे भवन की फायर एनओसी लेना उनके लिए संभव नहीं है। इस पर सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि 15 मीटर से कम ऊंचाई वाले भवन अग्निशमन की एनओसी के दायरे में नहीं आते। ऐसे संस्थानों को अपने परिसर में सभी अग्नि सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराकर प्रमाण-पत्र देना होगा, जिसका अग्निशमन विभाग सत्यापन करेगा।

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** ।

लखनऊ अग्निकांड के बाद शहर में सील किए गए 67 कोचिंग सेंटर व प्ले स्कूल फिर से संचालित होंगे। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसे देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने इन संस्थानों को राहत देने का फैसला किया है।

इसके लिए यह शर्त भी रखी गई है कि संस्थानों को दो माह के भीतर अग्नि सुरक्षा सहित सभी निर्धारित मानक पूरे करने होंगे। साथ ही चेतावनी दी गई है कि तय समयसीमा पूरी होने के बाद कमियां मिलने पर दोबारा सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

बीती 22 जून को लखनऊ के अलीगंज में एनिमेशन सेंटर में आग लगने से 15 युवाओं की जान चली गई थी। जांच में सामने आया था कि बिल्डिंग में आग से बचाव के और सेट बैक जैसे जरूरी उपाय नहीं थे। इसके बाद गाजियाबाद में भी सरकारी तंत्र ने ऐसी इमारतों और संस्थानों की जांच शुरू की थी, जिससे यहां लखनऊ जैसी घटना न होने पाए।

इस दौरान तीन दिन में 67 कोचिंग सेंटर, प्ले स्कूल, लाइब्रेरी समेत अन्य संस्थान सील किए गए थे। इनमें अग्नि सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन व आपात निकासी की सुविधा नहीं मिलने समेत विभिन्न खामियां पाई गई थीं। इन संस्थानों के संचालक अग्नि सुरक्षा की एनओसी भी नहीं दिखा पाए थे।

अब नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद इन शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है। इसी को देखते हुए बुधवार को जीडीए सचिव विवेक मिश्र ने सील किए गए संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल भी मौजूद रहे। बैठक में संस्थानों के संचालकों ने छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने की चिंता उठाई, जिसके बाद उनको सशर्त राहत देने का निर्णय लिया गया।

# फजीवाड़ा कर लिया 6.10 लाख का लोन, रिपोर्ट दर्ज

- दर्ज मामले में दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपियों ने प्रिंस कालरा के नाम से कार लोन के लिए आवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने फर्जी आधार कार्ड व पेन कार्ड का इस्तेमाल किया।

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई**

टीलामोड़ पुलिस ने लोनी के अंकुर विहार निवासी जतिन गुप्ता, प्रिंस कालरा और रेखा के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। कार्रवाई दिल्ली के एमबी रोड स्थित पुष्प विहार निवासी निजी फाइनेंस कंपनी कर्मचारी दिग्विजय सिंह की तहरीर पर आठ जुलाई को की गई है। आरोप है कि तीनों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कार लोन के लिए आवेदन किया। इसके बाद टीलामोड़ में आवेदक के नाम से फर्जी मोबाइल स्टोर का भौतिक सत्यापन कराने के बाद लोन ले लिया। मामला वर्ष 2025 का है, एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।




दर्ज मामले में दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपियों ने प्रिंस कालरा के नाम से कार लोन के लिए आवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने फर्जी आधार कार्ड व पेन कार्ड का इस्तेमाल किया। रेखा नाम की महिला को प्रिंस की मां बताते हुए सह आवेदक भी बनाया गया। इसके बाद जब टीम भौतिक सत्यापन के लिए पहुंची तो आरोपियों ने टीलामोड़ क्षेत्र में कालरा मोबाइल स्टोर के नाम से दुकान का सत्यापन भी कराया। इसके बाद 6.10 लाख रुपये का लोन सात अगस्त 2025 को पास कराया। कंपनी के ऑडिट में जब खामी पकड़ में आई तब जांच शुरू की।


# कारोबारी से 35 लाख रुपये के माल की धोखाधड़ी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** ।

नंदग्राम क्षेत्र में दिल्ली के एक कारोबारी से 35 लाख रुपये का माल लेकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि माल लेकर भुगतान नहीं किया गया। मामले में नई दिल्ली स्थित केजी प्लास्ट मेन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आशीष जैन ने नंदग्राम थाने में मेसर्स एके पॉलीमर के प्रोपराइटर अनिल कुमार उर्फ अमित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि आशीष जैन ने बताया कि उनकी कंपनी पॉलीकार्बोनेट शीट का निर्माण और व्यापार करती है। कुछ समय पहले उनकी कंपनी के जीएम मार्केटिंग आदेश त्यागी के माध्यम से त्यागी मार्केट सिहानी गांव निवासी व मेसर्स एके पॉलीमर के संचालक अनिल कुमार उर्फ अमित कुमार से व्यावसायिक संपर्क हुआ।

आरोप है कि अनिल कुमार ने हर महीने करीब




100 मीट्रिक टन पॉलीकार्बोनेट शीट की बिक्री करने का दावा किया। उसका व्यापक डीलर नेटवर्क है। उसने यह भी कहा कि उसकी अपनी फैक्टरी है, जहां इसी श्रेणी के उत्पाद तैयार किए जाते हैं। आशीष जैन का कहना है कि आरोपी की बातों पर विश्वास करते हुए उनकी कंपनी ने शुरूआत में कम मात्रा में पॉलीकार्बोनेट शीट की आपूर्ति शुरू की। शुरूआती दौर में आरोपी समय-समय पर आंशिक भुगतान करता रहा। इससे कंपनी का भरोसा और मजबूत होता गया।

## वाहन चोरी के तीन मामलों में प्राथमिकी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जुलाई** । वाहन चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की है। सूरजकुंड थाना क्षेत्र में एसजीएम नगर निवासी अलीम अहमद की स्कूटी 27 जून को बड़खल झील पार्किंग से चोरी हो गई, जिस पर 7 जुलाई को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। सेक्टर-17 थाना क्षेत्र में सूर्या कॉलोनी निवासी सुशांत दास की बाइक 6 जुलाई को साक्षात्कार के दौरान चोरी हो गई, जिसकी प्राथमिकी 7 जुलाई को दर्ज हुई। वहीं अपराध शाखा ऊंचा गांव ने पल्ला थाना के वर्ष 2025 के बाइक चोरी मामले में बदरपुर निवासी विनीत को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की। आरोपी ने बाइक 6 हजार रुपये में खरीदने की बात स्वीकार की। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




इन तस्वीरों में से एक खास तस्वीर अनन्या की है, जिसमें वह नीले पानी और ग्रीक चट्टानों के खूबसूरत नजारे के बीच एक नौका के किनारे बैठकर ड्रिंक का आनंद ले रही हैं। एक और तस्वीर में अभिनेत्री गर्मियों की तेज धूप में हल्के-फुल्के वेकेशन आउटफिट में पोज दे रही हैं, जिसमें सफेद स्लीवलेस टॉप और ऑलिव-ग्रीन मिनी स्कर्ट शामिल है, और उनके पीछे दूर तक फैला समुद्र दिखाई दे रहा है। अभिनेत्री ने स्विमसूट के ऊपर काले कढ़ाई वाले कवर-अप के साथ डेनिम शॉर्ट्स पहने हुए अपनी एक आरामदायक तस्वीर भी साझा की।


# अनन्या पांडे

## ग्रीस में मना रही हैं छुट्टियां

बॉलीवुड की युवा स्टार अनन्या पांडे अक्सर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं। आए दिन वे सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करके अपनी लाइफ की अपडेट फैंस को देती रहती हैं। अब हाल ही में अनन्या छुट्टियां मनाने के लिए ग्रीस पहुंची हैं। इस वेकेशन की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसे फैंस द्वारा खूब प्यार मिल रहा है। खास बात यह है कि उनकी बहन रायसा पांडे भी अनन्या के साथ छुट्टियां मनाने पहुंची हैं। अनन्या की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं, जिनमें वे ऑलिव ग्रीन रंग की बिकिनी पहने हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे अपनी सहेलियों और ट्रैवल पार्टनर्स के साथ मस्ती भरे अंदाज में ग्रुप सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि धूप से बचने के लिए उन्होंने अपने चेहरे पर फेस मास्क लगाए हुए हैं, जो उनके ट्रिप के खुशनुमा और यादगार पलों को बयां करती हैं। एक तस्वीर में अनन्या पांडे की एक खूबसूरत क्लोज-अप सेल्फी है, जिसमें वे ऑलिव ग्रीन बिकिनी पहने हुए हैं और उनके गालों व माथे पर फेस मास्क/सनस्क्रीन लगा हुआ है। बैकग्राउंड में ग्रीस का सुंदर पथरीला तट और नीला समंदर साफ दिखाई दे रहा है।

*अनन्या की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं, जिनमें वे ऑलिव ग्रीन रंग की बिकिनी पहने हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे अपनी सहेलियों और ट्रैवल पार्टनर्स के साथ मस्ती भरे अंदाज में ग्रुप सेल्फी लेती नजर आ रही हैं।*









## जब पूरी तरह हार मान चुकी थीं विद्या बालन: एक फोन कॉल ने बदल दी किस्मत

परिणीता, कहानी, द डर्टी पिक्चर और भूलभुलैया जैसी शानदार फिल्मों में अपने असाधारण अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली अभिनेत्री विद्या बालन का बॉलीवुड सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। सिनेमाई दुनिया में कदम रखने से पहले उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा और एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने उम्मीद ही छोड़ दी थी। लेकिन फिर एक फोन कॉल ने उनकी किस्मत बदल दी, जिसने उन्हें उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म परिणीता दिलाई। दिग्गज अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल के लोकप्रिय चैट शो रेन्जेव्यू विद सिमी ग्रेवाल में बातचीत के दौरान, विद्या बालन ने अपने करियर के शुरूआती संघर्षों को याद किया। उन्होंने बताया, उस समय तक मैं कई ऑडिशन दे चुकी थी और धीरे-धीरे मुझे यह लगने लगा था कि शायद यह फिल्म भी मेरे हाथ से निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में मैंने उम्मीद लगभग पूरी तरह से छोड़ दी थी। विद्या ने उस यादगार पल को साझा करते हुए बताया, जिस दिन मेरी किस्मत बदलने वाली थी, उस दिन मैं मशहूर सिंगर एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में मौजूद थी। मैंने अपना मोबाइल फोन बंद कर रखा था ताकि कोई मुझे परेशान न करे और मैं पूरी तरह कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकूं। मेरे साथ मौजूद एक दोस्त, जो निर्देशक प्रदीप सरकार के साथ भी काम करता था, उसके पास अचानक दादा (प्रदीप सरकार को अक्सर दादा कहकर बुलाया जाता था) का फोन आया। विद्या ने उस पल को याद करते हुए आगे कहा, दादा ने मेरे दोस्त से पूछा कि विद्या कहां है? क्या वह कॉन्सर्ट में है? मेरे दोस्त ने बताया कि हां, वह यहीं है। इसके बाद मैंने फोन लिया तो उन्होंने मुझसे बताया कि मिस्टर चोपड़ा यानी विधु विनोद चोपड़ा आपसे बात करना चाहते हैं। विद्या ने उस समय की अपनी मनोदशा को बताते हुए कहा, उस वक्त मुझे पूरा यकीन था कि यह फोन मुझे यह बताने के लिए किया गया है कि मैं फिल्म के लिए सेलेक्ट नहीं हो पाई हूं, क्योंकि मैं पहले ही कई ऑडिशन दे चुकी थी और हर बार रिजेक्ट हो जाती थी।

## 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना चाहते है प्रीति पंवार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**

युवा महिला मुक्केबाज प्रीति पंवार का लक्ष्य आगामी 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। 54 किलोग्राम वर्ग में उतरने वाली प्रीति ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। 23 साल की इस मुक्केबाज का मानना है कि राष्ट्रमंडल खेलों के बाद वह एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भी पदक जीतना चाहती हैं। प्रीति ने हाल ही में कहा, मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं। साथ ही कहा कि खेल में कुछ भी पहले से तय नहीं होता। कई बार हम योजनाएं बनाते हैं, पर परिणाम हमारी उम्मीदों के अनुसार नहीं आते, इसलिए हर मुकाबले को पूरी गंभीरता से लेना महत्वपूर्ण है।

गौरतलब है कि प्रीति ने साल 2023 सीनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, जहां उनके प्रदर्शन ने काफी प्रभावित किया। इसके बाद हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल किया, जो उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि थी। हालांकि, पेरिस ओलंपिक से पहले हेपेटाइटिस-ए से संक्रमित होने के कारण उनकी तैयारियां बुरी तरह प्रभावित हुईं।



बावजूद इसके, उन्होंने ओलंपिक में राउंड ऑफ-16 तक का सफर तय किया। इससे इस मुक्केबाज का मनोबल बढ़ा।

पेरिस ओलंपिक के बाद प्रीति ने शानदार वापसी करते हुए लगातार सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जो उनकी दृढ़ता का प्रमाण था। इसके तुरंत बाद, स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल टूनामेंट में उन्होंने रजत पदक हासिल किया। ही में, कड़े मुकाबलों के बीच उन्होंने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप का खिताब भी जीत लिया है। इन सफलताओं के बावजूद, प्रीति का मानना है कि उन्हें अभी भी अपने खेल में काफी सुधार करना है और वह अपने प्रदर्शन को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भारत बनाम इंग्लैंड: ब्रिस्टल में कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड? 2018 में मिली थी धमाकेदार जीत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।**




भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड में गुरुवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम अभी 0-2 से पीछे है, और इंग्लैंड को सीरीज जीतने से रोकने के लिए ब्रिस्टल में टीम इंडिया को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

भारतीय टीम ने ब्रिस्टल में अब तक सिर्फ एक टी20 मुकाबला खेला है। हालांकि, साल 2018 में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत दर्ज की थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 198 रन लगाए थे। भारतीय टीम ने 199 रनों के लक्ष्य को आसानी से 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 56 गेंदों में 100 रनों की तूफानी पारी खेली थी, जबकि विराट कोहली ने 29 गेंदों में 43 रन बनाए थे। दूसरी ओर, इंग्लैंड का इस मैदान पर रिकॉर्ड मिलाजुला रहा है। टीम ने ब्रिस्टल में अब तक कुल 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम को 2 में जीत मिली है। वहीं, 3 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने इस मैदान पर अपना आखिरी मुकाबला 2025 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जहां टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। तीसरे टी20 में इंग्लैंड का प्रदर्शन लाजवाब रहा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 201 रन लगाए थे। टीम की ओर से फिल साल्ट ने 44 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए थे। वहीं, जोस बटलर ने 21 गेंदों में 36 रनों का योगदान दिया था। सैम करन ने अंत के ओवरों में 24 गेंदों में 41 रनों की तेज तर्रार पारी खेली थी। हालांकि 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम सिर्फ 76 रन बनाकर सिमट गई थी। टीम के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक पार नहीं कर सके थे।

## मैनचेस्टर सिटी ने नए कोचिंग स्टाफ का किया ऐलान, विली कैबलेरो की क्लब में वापसी



**मैनचेस्टर, यूटर्न/ 09 जुलाई ।** इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी ने नए मैनेजर एन्जो मारेस्का के साथी कोचिंग स्टाफ की आधिकारिक घोषणा कर दी है। मारेस्का की इस नई टीम में सबसे बड़ा नाम क्लब के पूर्व गोलकीपर विली कैबलेरो का है, जिन्होंने कई साल बाद एक बार फिर मैनचेस्टर सिटी में वापसी की है। क्लब ने बताया कि रॉबर्टो विटिएलो, विली कैबलेरो, डैनी वॉकर, मिशेल डी बर्नार्डिन, मार्कोस अल्वारेज, डेनिस सिल्वा और जेवियर मोलिना, एन्जो मारेस्का की नई टीम का हिस्सा होंगे। इसके अलावा सेट-पीस कोच जेम्स फ्रेंच और गोलकीपिंग कोच रिचर्ड राइट अपने मौजूदा पद पर बने रहेंगे। 43 वर्षीय एन्जो मारेस्का को पिछले महीने तीन साल के अनुबंध पर मैनचेस्टर सिटी का नया मैनेजर बनाया गया था। उनके साथ लंबे समय से काम कर रहे रॉबर्टो विटिएलो अब सहायक मैनेजर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पीएसीटीएस लॉन्च किया, साइबर और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जुलाई ।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर गुरुवार को पार्टनरशिप ऑन साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी एंड सप्लाई चेन (पीएसीटीएस) को लॉन्च किया। इसका उद्देश्य साइबर और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाना है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'पीएसीटीएस का मकसद राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा में हमारे साझा हितों का समर्थन करना, हमारे सहयोगियों को अधिक डिजिटल विकल्प देकर सशक्त बनाना, अहम सप्लाई चेन को अधिक मजबूत बनाना और ग्लोबल साइबर क्षमता को मजबूत करना है।'



पीएसीटीएस पांच आपस में जुड़े हुए स्तंभों पर एक साझा रणनीतिक विजन के साथ आगे बढ़ेगा, इनमें सप्लाई चेन की मजबूती और विविधता, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, डिजिटल मजबूती और डिफेंस रिसर्च में सहयोग शामिल है।

मंत्रालय ने कहा कि इनमें से हर स्तंभ के तहत, भारत और ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट सेक्टर, यूनिवर्सिटीज, रिसर्च संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मौकों और खास प्रोजेक्ट्स की पहचान करेंगे।

बयान में कहा गया, 'ऑस्ट्रेलिया और भारत मिलकर दोनों देशों के बढ़ते तकनीकी उद्योगों को सहारा देने के लिए सुरक्षित, मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन बनाने की दिशा में काम करेंगे। इसमें सुरक्षा से जुड़े नियमों को बढ़ावा देना, साथ ही नियमों पर आधारित द्विपक्षीय टेक्नोलॉजी व्यापार और सप्लाई चेन को मजबूत करना शामिल है।'

इसमें सेमीकंडक्टर और जरूरी खनिजों की सप्लाई चेन झ जिसमें रीसाइक्लिंग और रिकवरी भी शामिल है झ पर मिलकर काम किया जाएगा। साथ ही, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय व्यवसायों के बीच कमर्शियल सहयोग और व्यापार में विविधता लाने को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

पीएसीटीएस लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित, आम सहमति वाले और कई पक्षों को शामिल करने वाले फ्रेमवर्क विकसित करके भरोसेमंद और सुरक्षित एआई के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों और बेंचमार्क को आगे बढ़ाने की वैश्विक कोशिशों का लाभ उठाएगा। बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया और भारत, मल्टी-डोमेन रक्षा चुनौतियों और क्षमताओं की साझा समझ को आगे बढ़ाने के लिए रक्षा अनुसंधान साझेदारियों का लाभ उठाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान ट्रंप की अपमानजनक भाषा का जवाब अपने कार्यों से देगाः अराघची

तेहरान, यूटर्न/ 09 जुलाई । ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा है कि ईरानी लोग इसका जवाब उसी भाषा में नहीं, बल्कि अपने कार्यों से देंगे। श्री अराघची ने बुधवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में तुर्की में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान श्री ट्रंप की ओर से ईरान को लेकर की गयी टिप्पणियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, ' ईरान के सभ्य और साहसी राष्ट्र को अपमानजनक भाषा में संबोधित करने से उसकी महानता कम नहीं होती।' उन्होंने कहा, ' ईरानी अपनी सभ्यता, संस्कृति और मजबूत नैतिक मूल्यों के लिए जाने जाते हैं। हम अभद्रता का जवाब अभद्रता से नहीं, बल्कि अपने कार्यों से देते हैं। निर्भय होकर और अदम्य साहस के साथ।

### दक्षिणी ईरान में हुए अमेरिकी हमलों में आठ सैनिकों की मौत

तेहरान, यूटर्न/ 09 जुलाई । ईरान के दक्षिणी प्रांतों में सैन्य ठिकानों पर बुधवार तड़के हुए अमेरिकी हमलों में ईरानी सेना के आठ जवान मारे गये। सेना ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि दक्षिणी शहरों बंदर अब्बास और बुशहर के इलाकों में अमेरिकी सेना की 'आपराधिक आक्रामकता' के बाद देश की रक्षा करते हुए उसकी वायु सेना और नौसेना के जवानों की मौत हो गयी। बयान के अनुसार, हमलों के दौरान दुश्मन के प्रोजेक्टाइल (मिसाइल या गोले) की चपेट में आने से इन जवानों की मौत हुई। सेना ने कहा कि वह 'आखिरी सांसतक' दुश्मनों का मुकाबला करती रहेगी। बयान में 'शहीद जवानों की मौत का बदला' लेने का संकल्प भी लिया गया।



## भारत के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगेः ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज

मेलबर्न, यूटर्न/ 09 जुलाई । ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरवार को कहा कि वे भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए बिजनेस लीडर्स और विश्वविद्यालयों के साथ काम करते रहेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद पीएम अल्बनीज ने सेल्फी साझा कर कहा कि साथ मिलकर, हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ा रहे हैं और ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय बिजनेस का समर्थन कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'हमारे लोगों के बीच के संबंधों ने हमारी कई बिजनेस सक्सेस स्टोरीज को आगे बढ़ाया है। हम भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए बिजनेस लीडर्स और विश्वविद्यालयों के साथ काम करते रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'यहां घर पर नौकरियां बनाना और आगे आने वाले व्यापार और निवेश के मौकों का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना।' इस बीच, पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से भी मुलाकात की और भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती पर अच्छी बातचीत की।

# पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के सच्चे और मेरे प्रिय मित्र, मेलबर्न मीट्स मोदी में बोले अल्बनीज

» मेलबर्न, यूटर्न/ 09 जुलाई ।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया का 'सच्चा और अपना प्रिय मित्र' बताते हुए कहा कि मेलबर्न में भारतीय नेता की मेजबानी करना उनके लिए सम्मान की बात है। भारतीय समुदाय के लिए आयोजित भव्य कार्यक्रम च्मेलबर्न मीट्स मोदीज् में अल्बनीज ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मेलबर्न के प्रसिद्ध मार्वल स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद रहे। अल्बनीज ने कहा कि इस स्टेडियम ने वर्षों में कई यादगार कार्यक्रम देखे हैं, लेकिन भारतीय समुदाय का यह आयोजन सबसे खास और महत्वपूर्ण है।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा, च्प्रधानमंत्री मोदी, मेरे मित्र, शानदार मेलबर्न में आपका स्वागत है। ऑस्ट्रेलिया के सच्चे मित्र और मेरे बेहद प्रिय मित्र के रूप में आपकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में मौजूद लोगों की ऊर्जा भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी की भावना को दर्शाती है। यह उत्साह और सकारात्मकता दोनों देशों और उनके लोगों के बीच मजबूत होते संबंधों को आगे बढ़ाने वाली शक्ति है।



अल्बनीज ने भारत की अपनी यात्राओं को याद करते हुए कहा कि उन्हें दो बार भारत जाने का अवसर मिला और हर यात्रा ने उन्हें देश की विविधता, सुंदरता और लोगों की गर्मजोशी से प्रभावित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा २०२३ में गुजरात यात्रा के दौरान किए गए स्वागत को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने उनका भारत में स्वागत किया था, तब दोनों नेताओं ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रथ की सवारी की थी। उन्होंने कहा कि गुजरात में २०२३ के दौरान दोनों देशों के लोगों के बीच जो आत्मीयता उन्होंने महसूस की थी, वही भावना मेलबर्न में मौजूद भारतीय समुदाय के बीच भी दिखाई दे रही है। अल्बनीज ने कहा कि यह अवसर दोनों देशों के लोगों को जोड़ने वाले रिश्ते, आपसी सम्मान, मजबूत दोस्ती और भारत से जुड़े १० लाख से अधिक ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के योगदान का उत्सव है। उन्होंने भारतीय समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय मूल के लोग राष्ट्रीय संकट और जरूरत के समय सबसे पहले मदद के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, छोटे व्यवसायों और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलिया की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## डीआर कांगो में इबोला वायरस का कहर जारी, 600 तक पहुंचा मौत का आंकड़ा



किंशासा, यूटर्न/ 09 जुलाई । लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में इबोला वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इससे मरने वालों की संख्या 600 तक पहुंच गई है और 1,759 मामलों की पुष्टि हुई है। बुधवार देर रात जारी एक अपडेट में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अभी कुल 750 मरीज आइसोलेशन या अस्पताल में भर्ती हैं और अस्पतालों में 94 प्रतिशत बेड भरे हुए हैं। बुंडीबुग्यो इबोला वायरस से होने वाला यह प्रकोप, जिसे 15 मई को घोषित किया गया था, देश का 17वां इबोला प्रकोप है। इसने तीन प्रांतों - इतुरी, नॉर्थ किवु और साउथ किवु - के 37 स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्रभावित किया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रकोप से निपटने में कई बाधाएं आ रही हैं, जिनमें पोस्टमार्टम के लिए सैंपल लेने का समुदाय द्वारा विरोध, इलाज की अपर्याप्त क्षमता, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में कमी, सीमित सप्लाई, असुरक्षा और हथियारबंद समूहों से प्रभावित इलाकों तक सीमित पहुंच शामिल हैं।

# ईरान का दावाः अमेरिकी हमलों में 14 लोगों की मौत

» तेहरान, यूटर्न/ 09 जुलाई ।

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि बुधवार से शुरू हुए अमेरिकी हमलों में 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 78 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार, ये हमले ईरान के पांच प्रांतों में किए गए।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता होसैन केरमनपौर ने बताया कि घायलों में से 47 अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि बाकी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं और राहत कार्यों को तेज कर दिया गया है। इस बीच, ईरानी सेना ने दावा किया कि उसने खाड़ी क्षेत्र स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं।

ईरानी सेना के अनुसार, इन हमलों में कुवैत में पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली, कतर में प्रारंभिक चेतावनी (अर्ली वार्निंग) सैटेलाइट एंटीना साइट, और बहरीन में



अमेरिकी सेना के ईंधन भंडारण टैंकों को निशाना बनाया गया। सेना का कहना है कि इन अभियानों में विभिन्न प्रकार के बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरानी सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा कि वे 'अमेरिकी राष्ट्रपति के उद्देश्यों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे' और देश की सुरक्षा तथा इस्लामी क्रांति के आदर्शों की रक्षा के लिए अपने अभियान जारी रखेंगे। हालांकि, ईरान के इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

अमेरिका, बहरीन, कतर और कुवैत की ओर से भी इन कथित ड्रोन हमलों और संभावित नुकसान को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : गालिबाफ

» मॉस्को, यूटर्न/ 09 जुलाई ।


ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका की धमकियों पर नहीं, बल्कि ईरान की शर्तों पर ही दोबारा खोला जाएगा।

प्रेस टीवी के अनुसार, श्री गालिबाफ ने कहा, 'अमेरिका ने अभी तक यह नहीं सीखा है कि धौंस जमाने और अपनी प्रतिबद्धताएं तोड़ने की अब कीमत चुकानी पड़ती है। मैं स्पष्ट कर दूं कि यदि आप हमला करेंगे, तो जवाबी हमला झेलेंगे।

व्यर्थ संघर्ष मत कीजिए, इससे आप और गहरे संकट में फंसेंगे।

होर्मुज जलडमरूमध्य केवल ईरानी व्यवस्था के तहत खुलेगा, अमेरिकी धमकियों से नहीं।' इससे पहले ईरानी मीडिया ने फारस की खाड़ी स्थित अबू मूसा द्वीप तथा ईरान के ईरानशहर, चाबहार, कोनारक, सिरिक, जास्क और बंदर अब्बास शहरों में विस्फोटों की सूचना दी।

मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार बंदर अब्बास में वायु रक्षा बलों ने शहर के



आसमान में अमेरिकी लक्ष्यों पर गोलीबारी की। अमेरिकी सेना ने बुधवार को ईरान पर कई हमले किये थे। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में यह कार्रवाई की गयी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके बाद कहा कि युद्धविराम अब प्रभावी नहीं रहा। ईरान ने अमेरिका पर दोनों देशों के बीच हुए समझौता ज्ञापन का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किये।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *